Seat No. : _______________

TM-114-H

B.Com. Sem.-III
May-2013

201 – Economics of Government Finances

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

(Hindi Version)

1. (अ) पूँजीवाद और मिश्र अर्थतंत्र के बीच अंतर के मुद्दों की चर्चा कीजिये । **6**

अथवा

निजी वस्तुओं और सार्वजनिक वस्तुओं का अर्थ बताइये और उनके बीच अंतर बताइये ।

(ब) आर्थिक पद्धति किसे कहते हैं ? आर्थिक पद्धति की विविध विशेषताओं को समझाइये । **4**

अथवा

राजस्व घाटा और राजकोषीय घाटा के दृष्टिकोणों को समझाइये ।

(क) बजट का अर्थ दीजिये और (1) संतुलित बजट, (2) घाटे का बजट और (3) अधिशेष बजट के दृष्टिकोणों को समझाइये । **4**

अथवा

सरकारी बजट की उपयोगिता समझाइये ।

2. (अ) कर की दर के आधार पर करों का वर्गीकरण कीजिये । **6**

अथवा

प्रत्यक्ष कर के लाभ एवं हानियों को समझाइये ।

(ब) परोक्ष करों के लाभ अथवा हानियों को समझाइये । **4**

अथवा

भारतीय कर ढ़ाचे की विशेषताओं अथवा मर्यादाओं की चर्चा कीजिये ।

(क) कर बचाव और कर चोरी के दृष्टिकोण समझाइये । **4**

अथवा

"आर्थिक विकास में कर का योगदान" पर टिप्पणी लिखिये ।

3. (अ) राज्य सरकार के आय के स्त्रोतों का वर्णन कीजिये । **6**

अथवा

भारत में सार्वजनिक खर्च में तेजी से वृद्धि के क्या कारण हैं ?

(ब) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : "सार्वजनिक खर्च के प्रकार" **4**

अथवा

निजीकरण के उद्देश्य अथवा कठिनाइयों को समझाइये ।

(क) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये : "FRBM अधिनियम" **4**

अथवा

सार्वजनिक साहसों का विनिवेश का अर्थ एवं उद्देश्य समझाइये ।

4. (अ) सार्वजनिक ऋण एवं निजी ऋण का अर्थ एवं उनके बीच अंतर समझाइये । **6**

अथवा

"सार्वजनिक ऋण के बोझ का विवाद" पर विस्तार से टिप्पणी लिखिये ।

(ब) समझाइये : **4**

(1) सार्वजनिक ऋण का प्रत्यक्ष वास्तविक मौद्रिक बोझ

(2) आंतरिक ऋण का प्रत्यक्ष वास्तविक मौद्रिक बोझ

अथवा

सार्वजनिक ऋण का उत्पादन और वितरण पर के प्रभावों को समझाइये ।

(क) समझाइये : **4**

(1) आन्तरिक ऋण और बाह्य ऋण

(2) दीर्घकालीन ऋण और अल्पकालीन ऋण

अथवा

कराधान और सार्वजनिक ऋण का अर्थ और उनके बीच का अन्तर समझाइये ।

5. बहु विकल्पीय प्रश्न : **14**

(1) मिश्र अर्थतंत्र में राज्य के नियंत्रित भावों को

(a) बाजार भाव कहते हैं । (b) समर्थन भाव कहते हैं ।

(c) प्रशासनिक भाव कहते हैं । (d) निर्गमित भाव कहते हैं ।

(2) निम्नलिखित में से कौन सी सार्वजनिक वस्तु है ?

(a) टेबल (b) मकान

(c) रक्षा (d) पुस्तक

(3) भारत में, निम्नलिखित में से कौन सा दृष्टिकोण वर्तमान परिस्थिति के सन्दर्भ में लागू पड़ता है ?

(a) बजटीय घाटा (b) राजकोषीय घाटा

(c) प्राथमिक घाटा (d) राजस्व घाटा

(4) गटर व्यवस्था

(a) केन्द्रीय सरकार का विषय है ।

(b) राज्य सरकार का विषय है ।

(c) स्थानीय स्वराज्य संस्था का विषय है ।

(d) संयुक्त विषय है ।

(5) सरकार के निवृत कर्मचारियों को प्राप्त पेन्शन का समावेश

(a) पूँजीखर्च में होता है । (b) राजस्व खर्च में होता है ।

(c) सामाजिक खर्च में होता है । (d) विनियोग खर्च में होता है ।

(6) कर का भुगतान

(a) स्वैच्छिक होता है । (b) अनिवार्य होता है ।

(c) गैर-कानूनी होता है । (d) विलम्बित होता है ।

(7) भारत में प्रत्यक्ष कर का प्रमाण परोक्ष कर के प्रमाण से _________ है ।

(a) अधिक (b) कम

(c) समान (d) स्थिर

(8) आयकर _________ है ।

(a) प्रत्यागामी कर (b) प्रत्यक्ष कर

(c) परोक्ष कर (d) सेवा कर

(9) बिजली पर कर की आय

(a) राज्य सरकार की होती है । (b) केन्द्र सरकार की होती है ।

(c) ग्राम पंचायत की होती है । (d) संयुक्त होती है ।

(10) युद्ध के उद्देश्य से किया सार्वजनिक ऋण

(a) उत्पादक ऋण है । (b) बिन-उत्पादक ऋण है ।

(c) निजी ऋण है । (d) बाह्य ऋण है ।

(11) "सार्वजनिक ऋण का वास्तविक बोझ भविष्य की पेढ़ी पर परिवर्तित किया जा सकता है ।" यह विचार ________ का है ।

(a) बुकानन (b) लर्नर

(c) फिशर (d) फ्रिडमेन

(12) संपत्ति कर ________ के अन्तर्गत आता है ।

(a) केन्द्र सरकार (b) राज्य सरकार

(c) ग्राम पंचायत (d) तहसील पंचायत

(13) जब सरकार के खर्च की अपेक्षा आय का प्रमाण अधिक होता है, तब उसे _______ कहते है ।

(a) संतुलित बजट (b) घाटे का बजट

(c) अधिशेष का बजट (d) शून्य आधारित बजट

(14) समवायी तंत्र में आधार की इकाई कौन सी है ?

(a) केन्द्र सरकार (b) राज्य सरकार

(c) जिला पंचायत (d) ग्राम पंचायत

____